Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 12-05-2005

Participants : Bhadana Shri Avtar Singh

an>

Title: Need to enquire into alleged mining in Aravalli Hills in Faridabad district, Haryana. – Laid.

श्री अवतार सिंह भडाना (फरीदाबाद) : महोदय, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान दिल्ली हरियाणा राज्य से लगती अरावली पहाड़ी की ओर दिलाना चाहता हूं। उच्चतम न्यायालय ने इस क्षेत्र में पर्यावरण की दृटि से खनन पर रोक लगा रखी है, परन्तु जिला फरीदाबाद के खोरी जमालपुर सिरोही की अरावली की बडी बडी पहाड़ियां अवैध खनन के कारण तहस नहस हो गयी हैं तथा हजारों पशु पक्षी एवं जीव जंतु के साथ ही सैंकड़ों मजदूर भी इन माइन्स में दबकर मर गये हैं साथ ही इसके कारण दिल्ली और हरियाणा का जल स्तर दिन प्रतिदिन घट रहा है।

अभी हाल ही में इण्डिया टी.वी. द्वारा इस अवैध खनन को दिखाया गया, परन्तु इसे रोकने के लिए आज तक कोइ कार्यवाही नहीं हुयी। मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि इस क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन की जांच की जाये तथा पर्यावरण की रक्षा हेतु तत्काल आवश्यक कदम उठाये जायें।